BSES

स्ट्रीट लाइट शिकायत व आपातकालीन सेवाओं के लिए फ्री टेलीफोन सेवा

टोलफ्री नंबर पेश करने वाली पहली डिस्कॉम बनी बीआरपीएल– 1800 10 39707

नई दिल्लीः 23 जुलाई, 2014। अगर आपकी गली में या सड़क पर कोई स्ट्रीट लाइट नहीं जल रही है, तो इसकी शिकायत करने के लिए आपको फोन पर पैसे नहीं खर्च करने पड़ेंगे। बीआरपीएल ने एक टोल फ्री यानी मुफ्त टेलीफोन सेवा शुरू की है, जिस पर स्ट्रीट लाइट संबंधी शिकायतें बिल्कुल मुफ्त की जा सकेंगी। इस नंबर पर फोन करने पर आपकी टेलीफोन या मोबाइल कंपनी आपसे कोई भी पैसा चार्ज नहीं करेगी। टोल फ्री टेलीफोन नंबर है– 1800 10 39707 । यह सेवा सप्ताह के सातों दिन और दिन के चौबीसों घंटे उपलब्ध रहेगी।

इस टोल फ्री टेलीफोन सेवा पर स्ट्रीट लाइट संबंधी शिकायतों के अलावा, बिजली के करंट व बिजली से लगी आग की शिकायतें भी बिल्कुल फ्री में दर्ज कराई जा सकती है। इस सेवा से दक्षिण और पश्चिम दिल्ली के 20 लाख ग्राहक लाभान्वित होंगे।

मॉनसून के सीजन में करंट का खतरा बढ़ जाता है। इसलिए, यह टोल फ्री टेलीफोन सेवा उपभोक्ताओं के लिए काफी मददगार साबित होगी। बीआरपीएल का कहना है कि उपभोक्ताओं की सुरक्षा उसके लिए बेहद महत्वपूर्ण है।

वैसे, उपभोक्ताओं के लिए पूर्ण समर्पित हेल्पलाइन नंबर 399 99 707 पहले से ही मौजूद है। वर्तमान टोल फ्री नंबर की सुविधा उन्हें अलग से दी गई है।

आपकी सेवा में 24 x 7

बीआरपीएल और बीवाईपीएल अपने 34 लाख उपभोक्ताओं को विश्वसनीय बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। अगर उपभोक्ताओं को बिजली संबंधी कोई दिक्कत है, तो वे बीएसईएस तक इन माध्यमों से पहुंच सकते हैं:

कॉल करें 24 x 7	बीआरपीएल– 399 99 707 बीवाईपीएल– 399 99 808

एसएमएस	बीआरपीएलः टाइप करें– बीएसईएसआरपी, स्पेस दें, एनसी लिखें, स्पेस दें, नौ अंकों वाला सीए नंबर टाइप करें और 5 61 61 07 पर भेज दें बीवाईपीएलः बीआरपीएलः टाइप करें– बीएसईएसवाईपी, स्पेस दें, एनसी लिखें, स्पेस दें, नौ अंकों वाला सीए नंबर टाइप करें और 5 61 61 08 पर भेज दें
आईवीआरएस	बीआरपीएल– अपने रजिस्टर्ड फोन नंबर से 399 99 707 पर फोन करें, बिजली गुल के लिए 1 दबाएं, और आईवीआरएस आधारित सेवाओं के लिए ऑप्शन 2 चुनें। आपका अनुरोध अपने आप ही रजिस्टर्ड हो जाएगा। अगर आप किसी रजिस्टर्ड नंबर से कॉल नहीं कर रहे हैं, तो कृपया अपना सीए/सीआरएन नंबर पंच करें, आपकी रिक्वेस्ट स्वतः रजिस्टर हो जाएगी। बीवाईपीएल– अपने रजिस्टर्ड फोन नंबर से 399 99 808 पर फोन करें, बिजली गुल के लिए 1 दबाएं, और आईवीआरएस आधारित सेवाओं के लिए ऑप्शन 2 चुनें। आपका अनुरोध अपने आप ही रजिस्टर्ड हो जाएगा। अगर आप किसी रजिस्टर्ड नंबर से कॉल नहीं कर रहे हैं, तो कृपया अपना सीए/सीआरएन नंबर पंच करें, आपकी रिक्वेस्ट स्वतः रजिस्टर हो जाएगी।

दिल्ली की प्रमुख बिजली वितरण कंपनियां बीआरपीएल व बीवाईपीएल अपने उपभोक्ताओं को गुणवत्तायुक्त बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।